पत्रांक : 2664 /पत्रा.COE-31(II)/DSMNRU/परीक्षा समिति/2023–24 दिनांकः 30 मार्च, 2024

प्रेषक,

कुलसचिव,
डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय,
लखनऊ।

सेवा में,

1. समस्त संकायाध्यक्ष, विश्वविद्यालय।
2. डॉ0 संजीव कुमार गुप्ता, सह आचार्य, वाणिज्य विभाग, विश्वविद्यालय।
3. डॉ0 आशीष कुमार गुप्ता, सहायक आचार्य, दृष्टिबाधितार्थ विभाग, विश्वविद्यालय।
4. परीक्षा नियंत्रक, विश्वविद्यालय।
5. प्राचार्य, टी0 एस0 मिश्रा मेडिकल कालेज एण्ड हॉस्पिटल, लखनऊ।
6. प्राचार्य, हिन्द महाविद्यालय, बाराबंकी।
7. प्राचार्य, कल्याणं करोति मथुरा।

**विषय : डा0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ परीक्षा समिति की 15वीं बैठक के सम्बन्ध में।**

महोदया/महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषयक विश्वविद्यालय द्वारा निर्गत पत्र संख्या–सी.ओ.ई.–661, दिनाँक 02.03.2024 के क्रम में विश्वविद्यालय परीक्षा समिति की आयोजित 15वीं बैठक दिनाँक 07.03.2024 में लिये गये निर्णयों के कार्यवृत्त की छायाप्रति को इस पत्र के साथ संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

भवदीय,

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

पत्रांक व दिनांक उपरोक्तानुसार।
**प्रतिलिपि :–**
1. वैयक्तिक सहायक, कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सादर अवलोकनार्थ।

(रोहित सिंह)
कुलसचिव

# डॉ0 शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ
# परीक्षा समिति की पन्द्रहवीं बैठक दिनांक 07.03.2024 का
# कार्यवृत्त

| | |
|---|---|
| समय : | अपराह्न 03:00 बजे |
| स्थान : | विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन, पंचम तल स्थित सभागार |

| एजेण्डा बिन्दु संख्या | कार्यवाही |
|---|---|
| 1/15 | **परीक्षा समिति की 14वीं बैठक के निर्गत कार्यवृत्त की पुष्टि के संबंध में।** |
| | **निर्णय :** परीक्षा समिति द्वारा 14वीं बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गयी। |
| 2/15 | **परीक्षा समिति की 14वीं बैठक में लिए गए निर्णयों की अनुपालन आख्या।** |
| | परीक्षा समिति की 14वीं बैठक में बिन्दुवार लिए गए निर्णयों की अनुपालन आख्या/कृत कार्यवाही से परीक्षा समिति अवगत हुई एवं निम्नलिखित बिन्दुओं पर अनुपालन आख्या/कृत कार्यवाही के विचारोपरांत निम्नानुसार निर्देश प्रदान किए गए :–<br>**बिन्दु संख्या–11/14 – श्री पंकज कुमार, बी0ए0 पाठ्यक्रम के 2018 में उपाधि प्राप्तकर्ता द्वारा पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा उत्तीर्ण न कर पाने के संबंध में।**<br>**निर्णय :** उपरोक्त प्रकरण के संबंध में परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त यह निर्देश भी प्रदान किए गए कि संबंधित छात्र को भी पर्यावरण अध्ययन की परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु पत्र प्रेषित किया जाए तथा परीक्षा में सम्मिलित नहीं होने पर स्नातक उपाधि भी निरस्त किए जाने संबंधी वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। साथ ही परीक्षा समिति द्वारा संबंधित छात्र द्वारा स्नातक एवं परास्नातक की उपाधि विश्वविद्यालय में जमा कराये जाने के निर्देश भी प्रदान किए गए। |
| 3/15 | **HIS-405 (B)-History of India (1206-1526A.D) पेपर कोड की दिनाँक 01.03.2024 को प्रथम पाली में आयोजित परीक्षा के संबंध में।** |
| | परीक्षा समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में दिनाँक 01.03.2024 को प्रथम पाली में आयोजित परास्नातक स्तरीय परीक्षा के पेपर कोड–**HIS-405 (B)-History of India (1206-1526A.D)** के सम्बन्ध में परीक्षार्थियों द्वारा की गयी आपत्ति पर सम्बन्धित शिक्षक द्वारा परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होकर उक्त प्रश्न–पत्र को अवलोकित करते हुए अवगत कराया गया कि उक्त प्रश्न–पत्र में अवधि 1206–1526 **A.D** के स्थान पर संबंधित शिक्षक द्वारा त्रुटिवश 1506–1526 **A.D** का प्रश्न–पत्र तैयार किया गया था, जोकि निर्धारित काल में उल्लिखित प्रश्नों से इतर है जिस हेतु संबंधित शिक्षक द्वारा अपनी त्रुटि को स्वीकर किया गया है। प्रश्नगत प्रकरण पर छात्रहित के दृष्टिगत उक्त पेपर कोड **HIS-405 (B)-History of India (1206-1526A.D)** की दिनाँक 01.03.2024 की परीक्षा को निरस्त करने एवं उक्त प्रश्न–पत्र की परीक्षा हेतु नवीन तिथि निर्धारित करते हुए परीक्षा पुनः आयोजित कराया जाना प्रस्तावित है।<br>परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपरोक्त प्रस्ताव पर निम्नानुसार निर्णय लिया गया:–<br>**निर्णय: (क)** उपरोक्त प्रस्तावानुसार विद्यार्थी हित के दृष्टिगत उक्त पेपर कोड HIS-405 (B)-History of India (1206-1526A.D) की दिनांक 01.03.2024 की परीक्षा को निरस्त करते हुए उक्त परीक्षा पुनः नवीन तिथि निर्धारित करते हुए संपादित करायी जाए।<br>**(ख)** प्रश्न–पत्र **HIS-405 (B)-History of India (1206-1526A.D)** प्रश्न–पत्र तैयार/मॉडरेट करने में हुई त्रुटि/लापरवाही के सम्बन्ध में संबंधित शिक्षक को सचेत किए जाने हेतु इस आशय का पत्र निर्गत किया जाए कि भविष्य में इस प्रकार के कृत्य की पुनरावृत्ति न हो। यदि पुनः इस प्रकार की त्रुटि/लापरवाही कारित की जाती है तो संबंधित शिक्षक के विरूद्ध अनुशासनिक कार्यवाही प्रस्तावित की जाएगी।<br>**(ग)** परीक्षा समिति द्वारा निर्देश प्रदान किए गए कि यदि कोई शिक्षक किसी प्रश्न–पत्र का निर्माण करता है तो उसी शिक्षक द्वारा प्रश्न–पत्र मॉडरेशन की कार्यवाही न की जाए। |

(डॉ० अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्रो० हिमांशु शेखर झा
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**4/15** **विभिन्न पात्रता परीक्षा, नियुक्ति परीक्षा एवं CUET (PG), 2024 परीक्षा आयोजित होने के फलस्वरूप विद्यार्थियों की विश्वविद्यालय में आयोजित परीक्षाएं छूटने के संबंध में।**

**बिन्दु संख्या– 1.** परीक्षा समिति को अवगत कराया गया कि बिहार विशेष विद्यालय शिक्षक पात्रता परीक्षा–2023 दिनाँक 23.02.2024 एवं 24.02.2024 को आयोजित की गयी थी, जिस हेतु परास्नातक स्तरीय कतिपय परीक्षार्थियों के अनुरोध के क्रम में उक्त दिवस की परीक्षा को आगामी तिथि दिनाँक 12.03.2024 एवं 14.03.2024 में आयोजित कराये जाने हेतु तिथि पुनः निर्धारित की गयी, परन्तु दिनाँक 23.02.2024 को बिहार में आयोजित पात्रता परीक्षा में प्रतिभाग हेतु कतिपय परीक्षार्थियों का रेलवे आरक्षण टिकट दिनाँक 22.02.2024 को (प्रस्थान समय अपराह्न 04:00 बजे) आरक्षित होने के कारण दिनाँक 22.02.2024 की द्वितीय पाली की परीक्षा में प्रतिभाग कर पाना संभव न होने के कारण परीक्षार्थियों द्वारा उक्त परीक्षा छोड़नी पड़ी। तत्पश्चात् कतिपय परीक्षार्थियों द्वारा अपने भविष्य के दृष्टिगत छूटी हुई परीक्षा को आगामी तिथि में आयोजित कराये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

**निर्णय :–** परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त व्यापक विद्यार्थी हित में दिनांक 23.02.2024 को जिन विद्यार्थियों द्वारा बिहार विशेष विद्यालय शिक्षक पात्रता परीक्षा–2023 में प्रतिभागिता हेतु विश्वविद्यालय में दिनांक 22.03.2024 (द्वितीय पाली) को आयोजित सेमेस्टर परीक्षा में प्रतिभाग नहीं कर पाये हैं, ऐसे विद्यार्थियों (विद्यार्थियों के प्राप्त प्रार्थना–पत्र, प्रवेश–पत्र, रेल/बस टिकट की छायाप्रति के आधार पर) हेतु संबंधित प्रश्न–पत्र की बिना परीक्षा शुल्क ज़मा कराए परीक्षा प्रस्तावित कर उनकी परीक्षा आयोजित करा ली जाए।

**बिन्दु संख्या–2.** परीक्षा समिति को अवगत कराया गया कि बी0ए0 पंचम अधिसत्र के कतिपय परीक्षार्थियों द्वारा बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा दिनाँक 15.03.2024 में प्रतिभाग करने हेतु उक्त दिवस की विश्वविद्यालय में आयोजित परीक्षा में प्रतिभाग करने में असमर्थता व्यक्त करते हुए परीक्षा समय–सारिणी में संशोधन किये जाने हेतु प्रार्थना–पत्र के माध्यम से अनुरोध किया गया है।

**निर्णय :–** परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त व्यापक विद्यार्थी हित में बी0ए0 पंचम अधिसत्र के ऐसे विद्यार्थी जिन्हें बिहार लोक सेवा आयोग, पटना द्वारा आयोजित अध्यापक नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा दिनाँक 15.03.2024 में प्रतिभाग करने के फलस्वरूप विश्वविद्यालय की संबंधित अधिसत्र की छूटी हुई परीक्षाओं के समस्त पेपर कोड की परीक्षाओं (विद्यार्थियों के प्राप्त प्रार्थना–पत्र, प्रवेश–पत्र, रेल/बस टिकट की छायाप्रति के आधार पर) की तिथि का पुर्न निर्धारण करते हुए एक ही दिवस में करायी जाएं।

**बिन्दु संख्या–3.** परीक्षा समिति को अवगत कराया गया कि स्नातक स्तरीय पंचम अधिसत्र के परीक्षार्थियों द्वारा राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा आयोजित CUET (PG), 2024 परीक्षा का आयोजन दिनाँक 11 से 28.03.2024 तक किया जा रहा है, जिस हेतु प्राप्त कतिपय परीक्षार्थियों के प्रार्थना–पत्र के अनुसार दिनाँक 12, 13, 14, 20 एवं 21.03.2024 को विश्वविद्यालय में भी संबंधित परीक्षार्थियों की परीक्षा आयोजित की जा रही है, जिस हेतु दोनों परीक्षाओं की तिथि समान होने के कारण परीक्षार्थीगण अत्यंत दुविधा की स्थिति में हैं, जिसका निदान किये जाने हेतु अनुरोध किया गया है।

**निर्णय :–** परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपरोक्त प्रकरण के संबंध में निम्नानुसार निर्देश प्रदान करते हुए तिथि निर्धारित करते हुए परीक्षा आयोजन कराये जाने पर सहमति प्रदान की गयीः–

**(क)** राष्ट्रीय परीक्षा एजेन्सी द्वारा आयोजित CUET (PG), 2024 परीक्षा में प्रतिभाग करने वाले समस्त विद्यार्थियों से उनके द्वारा CUET (PG), 2024 परीक्षा हेतु निम्नानुसार प्रपत्र प्राप्त किए जाएं–

1. CUET (PG), 2024 परीक्षा का प्रवेश–पत्र।
2. CUET (PG), 2024 परीक्षा में प्रतिभागिता सुनिश्चित किए जाने का प्रमाण–पत्र।
3. CUET (PG), 2024 परीक्षा में प्रतिभाग करते समय विश्वविद्यालय में अध्ययनरत् संबंधित विद्यार्थी किस अधिसत्र का विद्यार्थी है, उल्लेख करें।

**5/15** **विश्वविद्यालय में अध्ययन कर चुकी छात्रा प्रांजलि दीक्षित, बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम के द्वितीय अधिसत्र में एक प्रश्न–पत्र में अनुत्तीर्ण होने के संबंध में।**

परीक्षा समिति को अवगत कराया गया कि विश्वविद्यालय में बी0बी0ए0 पाठ्यक्रम में शैक्षिक

(डॉ० अमित कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्रो० हिमांशु शेखर झा
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।

| | |
|---|---|
| | सत्र–2018–19 में प्रवेशित छात्रा प्रांजलि दीक्षित के द्वितीय अधिसत्र में एक प्रश्न–पत्र (पेपर कोड–बी0बी0ए0–205) में अनुत्तीर्ण होने के कारण छात्रा द्वारा द्वारा स्पेशल बैक पेपर परीक्षा–2021 (द्वितीय) में उक्त प्रश्न–पत्र की परीक्षा में प्रतिभाग किया गया था, किन्तु उक्त परीक्षा में भी छात्रा अनुत्तीर्ण रही है, जिस कारण छात्रा द्वारा प्रार्थना–पत्र के माध्यम से उक्त प्रश्न–पत्र की परीक्षा को उत्तीर्ण करने का अवसर प्रदान करने हेतु अनुरोध किया गया है।<br>उपरोक्त के क्रम में परीक्षा समिति को अवगत कराया गया कि परीक्षा विनियमन–2020 के बिन्दु संख्या–5.7 में "पाठ्यक्रम को पूर्ण करने की अधिकतम अवधि" में दी गयी व्यवस्थानुसार छात्रा के पाठ्यक्रम उत्तीर्ण करने हेतु N+2 की अवधि पूर्ण हो चुकी है।<br>**निर्णय** :– परीक्षा समिति द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के सम्यक् विचारोपरान्त निर्णय लिया गया कि प्रश्नगत प्रकरण के संबंध में समस्त सूचनाएं (यथा छात्रा की समस्त अधिसत्रों में उपस्थिति, विगत वर्षों में छात्रा के समस्त परीक्षा परिणाम का अवलोकन करते हुए उसके प्रदर्शन का आंकलन करने के उपरांत) आगामी परीक्षा समिति में विचारार्थ प्रस्तुत किया जाए। |
| 6/15 | **अन्य बिन्दु**<br>1. **विश्वविद्यालय में परीक्षा के दौरान आन्तरिक पर्यवेक्षक नामित किए जाने के संबंध में।** |
| | परीक्षा समिति में उपस्थित सदस्यगण द्वारा परीक्षा के दौरान आन्तरिक पर्यवेक्षक नामित किए जाने पर आन्तरिक पर्यवेक्षक को केन्द्राध्यक्ष हेतु निर्धारित मानदेय के समान ही मानदेय प्रदान किए जाने का परामर्श दिया गया।<br>**निर्णयः**– परीक्षा समिति द्वारा सम्यक् विचारोपरान्त उपरोक्त प्रस्ताव पर सहमति व्यक्त करते हुए वित्त समिति की आगामी बैठक में विचारार्थ/अनुमोदनार्थ प्रस्तुत किए जाने के निर्देश प्रदान किए गए। |
| | उक्त के अतिरिक्त अन्य कोई बिन्दु न होने के कारण उपरोक्तानुसार बैठक समस्त सदस्यों को धन्यवाद ज्ञापन के साथ सम्पन्न हुई। |

(डॉ० अ[illegible] कुमार राय)
परीक्षा नियंत्रक
डॉ० शकुन्तला मिश्रा
राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ।

प्रो० हिमांशु शेखर झा
कुलपति
डॉ० शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास
विश्वविद्यालय, लखनऊ।